Dainik Bhaskar (02.02.2016)

छात्रों ने सीखे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के टिप्स

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक संस्था करियर लॉचर के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में तीसरे व चौथे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैंपस भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंपस भर्ती प्रक्रिया के लिए तैयार करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन चीफ वार्डन कार्यालय द्वारा चीफ होस्टल वार्डन डा. लखविंद्र सिंह की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र सिंह थे। इस दौरान करियर लॉचर के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए टिप्स दिए। कम्युनिकेशन स्किल्स, ग्रुप डिस्कशन, योग्यता कौशल व साक्षात्कार तकनीक जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। चीफ होस्टल वार्डन डा. लखविंद्र सिंह के अनुसार ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता व कैंपस भर्ती के दौरान विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने में मददगार होते हैं। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

Hindustan Hindi (02.02.2016)

विद्यार्थियों ने कैंपस भर्ती के टिप्स सीखे

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी द्वारा शैक्षणिक संस्था कॅरियर लॉचर के सहयोग से यूनिवर्सिटी परिसर में तीसरे व चौथे वर्ष के छात्रों के लिए कैंपस भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंपस में भर्ती के लिए तैयार करना है।

इसका आयोजन चीफ वार्डन कार्यालय द्वारा चीफ होस्टल वार्डन डॉ.लखविन्द्र सिंह की देखरेख में किया गया। इसके संयोजक सुरेन्द्र सिंह थे। कैंपस को भर्ती प्रक्रिया के मद्देनजर डिजाइन किया गया था। करियर लॉचर के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जरूरी टिप्स दिये। जिसमें कम्युनिकेशन स्किल्स, योग्यता कौशल तथा साक्षात्कार तकनीक जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। चीफहॉस्टल वार्डन डॉ. लखविन्द्र सिंह ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं तथा कैंपस भर्ती के दौरान विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर एडिशनल चीप हॉस्टल वार्डन ललित राय के अलावा अन्य वार्डन सुरेश कुमार, मनमोहन कक्कड़ तथा संजय कुमार भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण

- **विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया की पूरी प्रक्रिया बताई**
- **विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर चर्चा की**

Punjab Kesari (02.02.2016)

वाईएमसीए में कैम्पस भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम

फरीदाबाद, 1 फरवरी (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा शैक्षणिक संस्था कॅरिअर लॉन्चर के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में तीसरे व चौथे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैम्पस भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॅरिअर लॉन्चर प्रक्रिया के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम का आयोजन चीफ होस्टल वार्डन डा. लखविंदर सिंह की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुरेन्द्र सिंह थे। कॅरिअर लॉन्चर के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जरूरी टिप्स दिए। साथ ही कम्युनिकेशन स्किल्स, ग्रुप डिस्कशन, योग्यता कौशल और साक्षात्कार तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा की।